## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# स्थगित हुई उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं फिर शुरू

**अपील**

■ छात्रों से आधा घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की अपील

## देहरादून में 127 केंद्रों पर होनी है परीक्षाएं



**संवाददाता**

देहरादून। 2020 कोरोना वायरस के चलते पूर्व में स्थगित हुईं उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई हैं। संक्रमण के लिहाज से परीक्षाएं नए नियम और व्यवस्थाओं के साथ हो रही हैं। शिक्षा विभाग ने छात्रों से आधा घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की अपील की थी। सीईओ आशारानी पैन्यूली ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्र पूरी तरीके से सैनिटाइज कर दिए गए हैं। देहरादून में 127 केंद्रों पर परीक्षाएं होनी हैं। जिसमें 119 में 12वीं व दसवीं दोनों और आठ स्कूलों में केवल हाईस्कूल की परीक्षाएं होंगी। बोर्ड परीक्षा में कुल 28273 छात्र–छात्रएं शामिल होने जा रहे हैं। जिसमें 15996 छात्र–छात्रएं हाईस्कूल और 12277 छात्र–छात्रएं इंटर की परीक्षा देंगे। गेट पर छात्रों और शिक्षकों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी। बिना मास्क के ना तो छात्रों, न तो शिक्षकों को परीक्षा केंद्र पर एंट्री दी जाएगी। क्योंकि थर्मल स्क्रीनिंग सैनिटाइजेशन आदि में समय लग सकता है। इसलिए छात्रों का आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षाएं अब दो पाली में होंगी। पहली पाली में सुबह नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी।

**इस व्यवस्था से गुजरना होगा**

नई व्यवस्था के अनुसार छात्र और शिक्षकों को गेट पर सबसे पहले थर्मल स्क्रीनिंग करवानी होगी। यहीं पर छात्र–छात्रओं और शिक्षकों को सैनिटाइज भी किया जाएगा। तय मानक से अधिक तापमान आने या फिर बीमार छात्रों को अलग कक्ष में बैठाया जाएगा।

**अपनी व्यवस्था पर पहुंचना होगा केंद्रः** छात्रों को अपनी व्यवस्था पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना होगा। सरकार, बोर्ड या फिर शिक्षा विभाग की ओर से किसी भी छात्र के लिए अलग से परिवहन की व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में सबसे ज्यादा समस्या उन छात्र–छात्रओं को होगी जो दूरस्थ इलाकों से परीक्षा केंद्र में पहुंचेंगे।

**परीक्षार्थी इन बातों का रखें ख्याल**

- ■परीक्षा केंद्र पर सैनिटाइजर और मास्क लेकर जाएं
- ■केंद्र पर कम से कम आधा घंटा पहले पहुंच जाएं
- ■परीक्षा केंद्र से अधिक दूरी पर रहने वाले छात्र घर से जल्दी निकल जाएं
- ■परीक्षा केंद्र पर अपने दोस्तों से दूरी बनाए रखें
- ■अगर बीमार हैं तो केंद्र पर पहुंचते ही इसकी सूचना दें

## न्यूज डायरी

### सर्वे में हुई गड़बड़ी तो नपेंगे अफसर

**संवाददाता** रुड़की। गन्ना आयुक्त ललित मोहन रयाल ने मंगलवार को लिब्बरहेड़ी और इकबालपुर गन्ना समिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना सर्वे की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए इसमें पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही, गन्ना समितियों में सीजनल कर्मियों की तैनाती पर रोक लगा दी है। नियमितकर्मियों को ही काम करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। मंगलवार को सहायक गन्ना आयुक्त ललित मोहन रयाल रुड़की स्थित इकबालपुर गन्ना समिति के कार्यालय पर पहुंचे। यहां पर किसानों की भीड़ थी। इस पर उन्होंने किसानों से पूछताछ की तो किसानों ने बताया कि कुछ पर्चियों का भुगतान न आने की वजह से वह परेशान हैं। इस पर गन्ना आयुक्त ने सचिव को निर्देश दिए कि किसानों की समस्या को पूरी गंभीरता के साथ सुना जाए और उनका निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना सर्वे में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाए।

### बैकपुट पर खनन कारोबारी, कार्रवाई के निर्देश

**संवाददाता** हरिद्वार। वन दारोगा और बीट अधिकारी पर अवैध वसूली का आरोप लगाने वाले खनन कारोबारी बैकपुट पर आ गए हैं। उन्होंने डीएफओ दफ्तर में शपथ पत्र देकर कहा है कि उनसे किसी ने अवैध वसूली नहीं की। अपने बयानों से पलट जाने से डीएफओ ने अब रेंजर को मामले में खनन कारोबारी के खिलाफ ही कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। तीन जून को खनन का कारोबार करने वाले सुशील कुमार ने बहादराबाद क्षेत्र में तैनात वन विभाग के बीट अधिकारी और एक वन दारोगा पर अवैध वसूली का आरोप लगाया था, जिसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। आरोप था कि 23 मई को जब वह डंपरों में पौड़ी से खनन सामग्री लेकर आ रहा था तो बहादराबाद के पास वन कर्मियों ने रोककर रवन्ना मांगा। रवन्ना दिखाने के बाद भी वन कर्मियों ने उनके डंपरों को सीज कर दिया था।

### आप की सदस्यता लेने वाले कोई भी कांग्रेसी नहीं: कमलेश रमन

**संवाददाता** देहरादून। महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कमलेश रमन ने कहा है कि आज के समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कांग्रेस पार्टी की महिलाओं ने आप पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है जो पूर्ण रूप से गलत है और उनमें से कोई भी महिला कांग्रेस की पदाधिकारी नही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सदस्य भी नहीं है यह भ्रामक प्रचार किया गया है और इस तरह का प्रचार छोटी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इनमें से कोई भी कांग्रेस का सदस्य नहीं है।

## प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक रहे डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी



**संवाददाता**

देहारदून। कैंट विधानसभा में आयोजित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के अवसर पर उत्तराखंड भाजयुमो उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता द्वारा किये गये कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरबंस कपूर ने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी देश के महान चिंतक, राष्ट्रवादी, प्रखर वक्ता थे,उनके द्वारा खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि संगठन आज वट वृक्ष के रूप में पूरे देश कघ् छांव दे रहा हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्य मंत्री रविंद्र कटारिया ने कहा कि आज यदि कश्मीर में पर्मिट व्यवस्था खत्म हुई हैं तो उसका सारा श्रेय डॉक्टर मुखर्जी को जाता हैं।



## सीएम ने आठवीं गढ़वाल राइफल के शहीद सुरेन्द्र सिंह नेगी को दी श्रंद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कंेट रोड स्थित सेना परिसर में आठवीं गढ़वाल राइफल के जवान सुरेन्द्र सिंह नेगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नायक सुरेन्द्र सिंह नेगी पुंछ सेक्टर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दुःख कि इस घड़ी में राज्य सरकार, शहीद के परिजनों के साथ है। उन्होंने कहा कि शहीद के परिजनों की हरसंभव मदद की जाएगी।

# वाहनों का किराया दुगुना करने से आम यात्री परेशान

**जगत मर्तोलिया**

मुनस्यारी। आंतरिक व बाहर जाने आने का टिकिट तीन से पांच गुना तक बढ़ जाने के कारण आम यात्री परेशान है। आज क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार दिनेश जोशी से जिप सदस्य जगत मर्तोलिया के साथ मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रशासन वाहन स्वामियो की बैठक कर यात्रा रेट को तय कर हर वाहन में चस्पा करे ताकि गरीबो पर दोहरी मार न पड़े।

सरकार ने वाहनो का किराया दुगुना कर दिया है। इसका फायदा उठाते हुए टैक्सी चालकों ने किराया तीन से पांच गुना कर जनता को लूट दिया है। किराया बढ़ने से आम जनता परेशान है। पुलिस व प्रशासन का किराया नियत्रंण में कोई भी भूमिका नहीं है. जिस कारण आम जनता का कोरोना महामारी के समय जेब ढीली हो रही है।



यात्रा रेट को तय कर हर वाहन में चस्पा करेंः जगत मर्तोलिया

मुनस्यारी से पिथौरागढ़ का एक हजार, हल्दानी का तीन हजार व मदकोट का दो सौ रुपये प्रति यात्री कर दिया गया है। इस दर से यात्रियो से किराया लिया जा रहा है। जिप सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि हमे टैक्सी संचालक व यात्री दोनो का हित देखना है, इसलिए हमने प्रशासन से बैठक बुलाकर टैक्सी मालिको से राय मशविरा कर किराया को नियत्रिंत करने की मांग की है।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण सयाला, हरीश चिराल आदि मौजूद थे। तहसीलदार जोशी ने बताया कि थानाध्यक्ष को बैठक कराकर आगे की कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है। सभी टैक्सी चालक वाहन में रेट चस्पा करेंगे।

## पूण्य तिथि पर भाजपाइयों ने किया मुखर्जी को याद

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला भाजपाइयों ने मंगलवार को नगर क्षेत्र में जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 66वे बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर गोष्ठी आयोजित की।

पुरोला भाजपा नगर मण्डल और ग्रामीण मंडल ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 66वे बलिदान दिवस पर गोष्टी आयोजित कर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गोष्टी में जंहा कोरोना महामारी समेत देश में घट रहे राजनीतिक,सामाजिक,चाईना की दुष्टता, दुसाहस से देव दुनिया में बने माहोल पर चर्चा की गई। वहीं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा आदि वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन वृतव देश सेवा लेकर विचार व्यक्त किए साथ ही सभी से उनके विचारों को जीवन में अंगिकार करनें का संकल्प लेने की अपील की। वरिष्ठ भाजपाई रामचंद्र पंवार ने मुखर्जी जनसंघ को सर्वप्रथम एक विधान एक निशान का नारा देने वाला पहला जन नायक बताया तथा सभी को उनके के पदचिन्हों व विचारों पर चलने का आहवान किया।